Nav Bharat Times

Date: 03.06.15

Page No. 05

तंबाकू से होने वाली कई बीमारियों के बारे में बताया

वर्ल्ड नो टोबैको डे पर डेंटल कॉलेज में हुआ प्रोग्राम

Jitendra Singh

कार्यक्रम के दौरान लोगों को मुंह के कैंसर के बारे में बताते हुए डॉक्टर्स

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड

आईटीएस डेंटल कॉलेज में 'वर्ल्ड नो टोबैको डे' के मौके पर आयोजित 3 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। प्रोग्राम में कई तरह के कॉम्पिटिशन आयोजित किए गए। साथ ही कॉलेज के स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. विनोद सचदेव थे।

उन्होंने कहा कि तम्बाकू एक ऐसा धीमा जहर है, जिसके सेवन से कई प्रकार की बीमारियां होती हैं। इनमें मुंह का कैंसर, नपुंसकता, गर्भपात आदि प्रमुख हैं। तम्बाकू के सेवन से अकाल मृत्यु तक हो सकती है। तम्बाकू के सेवन से विश्व में हर वर्ष 60 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

लोगों को जागरूक करके ही इसे रोका जा सकता है। इस मौके पर वाद-विवाद प्रतियोगिता व कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसमें कॉलेज के टीचर्स व स्टूडेंट्स ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यहां 100 से अधिक मरीजों की निशुल्क जांच भी की गई, जिसमें कई मरीजों के मुंह के कैंसर के शुरुआती लक्षण मिले। इन सभी को आगे की जांच के लिए बुलाया गया है। इस दौरान मरीजों को खुद ही कैंसर जांच करने का तरीका भी बताया गया। वाइस प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी, डॉ. अरुणा आदि भी मौजूद थे।